>

Title: Need to hike the minimum support price of cotton to benefit the cotton growers in the country.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की अनुमति दी है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत का किसान सख्त मेहनत कर के देश को उन्नति की ओर ले जा रहा है। मैं गुजरात प्रदेश के किसानों के बारे में बात करना चाहता हूँ। महोदया, गुजरात में किसान कपास का उत्पादन करते हैं, देश के करीब 50 प्रतिशत कपास के उत्पादन में गुजरात के किसानों का अहम योगदान है। गुजरात के किसान सख्त मेहनत करते हैं। मगर आज स्थिति ऐसी हुई है कि उनके उत्पादन मूल्य से भी कम मूल्य में कपास बेचा जाता है। वहां किसान आंदोलन पर उतरे हैं। किसान आज बहुत ही बेहाल स्थिति में है।

महोदया, आपके माध्यम से मैं पूरे सदन और सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि किसानों को उनके कपास के उत्पाद का न्यूनतम समर्थन मूल्य 300 रूपए प्रति बेल से अधिक देना चाहिए। आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

माननीय अध्यक्ष : श्री रामसिंह राठवा अपने आपको डॉ. किरिट पी. सोलंकी जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।